## कार्यालय :– जिला कार्यक्रम अधिकारी, महोबा।

पत्रांक /जि0का0/आं0वा0च0/2025–26 दिनांक 11 नवम्बर, 2025

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश सं0–1/1092245/2025/3313/58–1–2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद महोबा के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिका के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैं :–

| क्रम सं0 | परियोजना का नाम | ग्रामीण/ शहरी | आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कबरई | ग्रामीण | 106 |
| 2 | जैतपुर | ग्रामीण | 51 |
| 3 | पनवाड़ी | ग्रामीण | 60 |
| 4 | चरखारी | ग्रामीण | 60 |
| 5 | महोबा शहर | शहरी | 08 |
| कुल योग | | | 285 |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

**विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–**

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. रिक्त पदों (आंगनबाड़ी सहायिका) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी एवं मैरिट का निर्धारण इण्टरमीडिएट से परास्नातक के प्राप्तांको के आधार पर किया जायेगा।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा का स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु दिनांक 01 जुलाई, 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 02.12.2025 को मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा पुराना विकास भवन स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
8. आवेदन भरने से पूर्व विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध शासनादेश सं0–1/1092245/2025/3313/58–1–2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 व अन्य दिशा निर्देशों का भलीभाँति अध्ययन कर लिया जाय।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महोबा।

पृष्ठांकन सं0– C-1119 /तद्दिनांक

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया, महोबा।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, महोबा।
4. समस्त सदस्य चयन समिति, जनपद महोबा।
5. समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार, जनपद महोबा।
6. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद महोबा।
7. जिला सूचना अधिकारी, महोबा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को कम से कम एक स्थानीय तथा एक प्रदेश स्तर के समाचार पत्र में न्यूनतम दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
8. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद महोबा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परियोजना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराते हुये रिक्तियों का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
9. जनपद के प्रमुख कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा हेतु।
10. कार्यालय प्रति।

11/11/25

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महोबा।